निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये 100—00 मात्र

# बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

क्रमांकः 148 /भण्डार शाखा/2021 भोपाल, दिनांकः 15-3-2021

## अनुपयोगी वाहन नीलामी की निविदा

निविदा जारी करने की दिनांकः 15-3-2021 समय 3-30 PM

निविदा जमा करने की अंतिम दिनांकः 5-4-2021 समय 5 PM

निविदा खोलने की दिनांकः 6-4-2021 समय 3PM

वाहन नीलामी की दिनांकः 9-4-2021 समय 3 PM

**स्थानः— बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल**

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के अनुपयोगी वाहनों की नीलामी के लिए निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र, निविदा शर्ते, अन्य विस्तृत जानकारी तथा निविदा में भाग लेने हेतु वेबसाईट www.bubhopal.ac.in पर लाग—आन करें।

निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 100=00 (रू. एक सौ मात्र) है। कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से ड्राफ्ट जमा कर विश्वविद्यालय के वाहन सेल से निविदा प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।

निविदा की सुरक्षा निधि राशि का विवरण निम्नांकित है। सुरक्षा निधि राशि कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से निविदा फार्म के साथ बन्द लिफाफे में जमा की जा सकेगी। सुरक्षा निधि के ड्राफ्ट के अभाव में निविदाएं निरस्त की जावेगी।

अनुपयोगी वाहनों का विवरण निम्नांकित हैः—

| सं.क्रं. | वाहन का रजिस्ट्रेशन नम्बर | पंजीयन दिनांक | वाहन का प्रकार | वाहन का न्यूनतम विक्रय मूल्य रू में | सुरक्षा निधि राशि रू. में |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | MP04 H 7361 | 20-03-1996 | BUS | 2,90,000 | 5800 |
| 02 | MP04 GA 0781 | 22-03-2007 | TATA 407 | 80,000 | 1600 |
| 03 | MP04 J 2938 | 25-03-1995 | GYPSY | 35,000 | 700 |
| 04 | MP04 HC 0113 | 21-11-2003 | INDIGO | 30,000 | 600 |
| 05 | MP04 CA 8159 | 19-01-2007 | BOLERO | 75,000 | 1500 |
| 06 | MP04 CC 9480 | 28-04-2009 | INDICA | 25,000 | 500 |
| 07 | MP 04 NQ 3943 | 30-07-2004 | PULSER | 5,000 | 100 |
| 08 | MP 04 NQ 3942 | 30-07-2004 | PULSER | 5,000 | 100 |

कुलसचिव

अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

# वाहन नीलामी की नियम एवं शर्ते

1 अनुपयोगी नीलाम किये जाने वाले वाहनों को कार्यालयीन समय में सुरक्षा कार्यालय के पास सत्यभवन प्रांगण में कार्यालयीन समय प्रातः 11.00 बजे से शाम 5.00 बजे तक देखा जा सकता है ।

2. वाहन ''जैसे है जहॉ है जैसी स्थिति में'' के आधार पर नीलाम किये जायेंगे । क्रयकर्ताओं से अपेक्षा है कि नीलामी के पूर्व वाहनों का निरीक्षण भली भॉती कर ले । नीलामी उपरान्त वाहन की स्थिति के संबंध में कोई दावा/आपत्ति मान्य नही होगी ।

3. नीलामी संबंधी कार्यवाही कार्य दिवसों में कार्यालयीन समय सम्पन्न की जावेगी।

4. आवेदन प्रपत्र का मूल्य रुपये 100–00 (रुपये एक सौ मात्र ) है, जो कि कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से बैंक ड्राफ्ट विश्वविद्यालय के वाहन सेल में जमा कर प्राप्त किया जा सकता है। यह राशि वापसी योग्य नहीं है।

5. वाहन की अधिकतम बोली लगाने वाले क्रेता को वाहन विक्रय किया जावेगा। वाहन के विक्रय की बोली विश्वविद्याला द्वारा गठित समिति के समक्ष लगायी जावेगी। क्रेता को बोली की राशि के अतिरिक्त जी.एस.टी. (नियमानुसार लागू दर ) की राशि जमा करना होगा।

6. आवेदन फार्म के धरोहर राशि का डिमांड ड्राफ्ट प्रत्येक वाहन हेतु कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से बनाकर निविदा के साथ प्रस्तुत करना होगा आवश्यक है।

7 यदि कोई निविदाकर्ता एक से अधिक वाहन की बोली लगाना चाहता है तो उसे उस हिसाब से सुरक्षा निधि का ड्राफ्ट जमा करना होगा।

8 एक से अधिक वाहन की बोली लगाकर क्रय करने के लिए पृथक–पृथक निविदा फार्म क्रय करना अनिवार्य है।

9. निविदा में सफल/असफल निविदाकर्ता द्वारा जमा की गयी सुरक्षा निधि राशि पर कोई ब्याज देय नहीं होगा।

10. निविदा में असफल क्रेता के बैंक ड्राफ्ट वापस कर दिये जावेगें।

11. वाहनों के न्यूनतम मूल्य से कम की बोली मान्य नही की जावेगी।

12. वाहन की अधिकतम बोली लगाने वाले बोलीकर्ता को वाहन विक्रय किया जावेगा। यदि अधिकतम बोलीकर्ता द्वारा निर्धारित समय में वाहन की राशि जमा नहीं की तो उसकी सुरक्षा निधि राशि जब्त की ली जरपेगी।

13. निविदा में सफल क्रेता को 10 कार्यालयीन दिवस के अन्दर वाहन की सम्पूर्ण राशि का ड्राफ्ट कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के नाम से जमा करना होगा। निविदा में सफल क्रेता की सुरक्षा निधि राशि समायोजित की जा सकेगी।



अनुभाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

14. वाहन विक्रय संबंधी निर्णय के समस्त अधिकार कुलसचिव, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल के पास सुरक्षित रहेंगे । उनको यह अधिकार सुरक्षित रहेगा कि बिना कारण बताये नीलामी को निरस्त कर दे ।

15. वाहन की डिलीवरी लेने के बाद वाहन के हस्तांतरण हेतु समस्त व्यय क्रेता को स्वयं करना होगा । विभाग सिर्फ विक्रिय–पत्र जारी करेगा । नामान्तरण यथाशीघ्र कराना होगा ।

16. किसी भी गलत जानकारी के लिये निविदाकर्ता स्वयं जिम्मेदार होगा एवं अपूर्ण भरे गये आवेदन पत्रो पर विचार नही किया जावेगा ।

17. न्यायलीयन विवाद की स्थिति में क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय होगा।

18. वाहन की डिलीवरी लेने के पश्चात विश्वविद्यालय परिसर के बाहर यदि कोई दुर्घटना घटित होती है तो उसकी जिम्मेदारी क्रेता की होगी ।

19. अन्य जानकारी विश्वविद्यालय के वाहन सेल से प्राप्त की जा सकती है ।

20 निविदा प्रक्रिया के संबंध में किसी भी प्रकार की व्याख्या (Interpretation)का प्रश्न उपस्थित होने पर कुलपति बरकतउल्ला विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।

21. निविदा विषयक विवाद में Sole Arbitrator कुलपति, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल होगें।

हस्ताक्षर वाहन प्रभारी

भाग अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

**( निविदा प्रपत्र)**

प्रति,

कुलसचिव,
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल

विषयः— **वाहन नीलामी का निविदा प्रपत्र**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख्य है कि बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा वाहन नीलामी की निविदा में भाग लेने हेतु निविदा प्रपत्र प्रस्तुत है। हमारी जानकारी निम्नानुसार हैः—

| सं0 क्रं0 | विवरण | |
|---|---|---|
| 01 | निविदाकर्ता का नाम | |
| 02 | PAN CARD नम्बर (स्वहस्ताक्षरित फोटोकापी संलग्न करें) | |
| 03 | पत्र व्यवहार का पता | |
| 04 | दूरभाष नम्बर (मोबाईल एवं लेन्डलाईन) | |
| 05 | ई—मेल एड्रेस | |
| 06 | सुरक्षा निधि राशि का विवरण | रूः———————————बैंक ड्राफ्ट नम्बर——————— <br> दिनांकः—————————— बैंक का नामः—————————— |

## प्रमाण—पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे द्वारा वाहन विक्रय/नीलामी की निविदा में दर्शित शर्तों के अनुसार विश्वविद्यालय से वाहन क्रय करने की अपनी सहमति प्रदान करता हूँ। निविदा में मेरे द्वारा प्रस्तुत जानकारी में कोई भी तथ्य छिपाया नहीं गया है। यदि मुझसे संबंधित कोई जानकारी गलत पायी जाती है तो मेरे द्वारा जमा सुरक्षा निधि राशि को जब्त करने का अधिकार बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल को होगा।

निविदाकर्ता के हस्ताक्षर

भण्डार अधिकारी (भण्डार)
बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल